No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR
Periodic Test –III (Round – I) 2025 – 2026

Class - VIII | MM-20
Subject- Hindi | Time: 1 Hrs.
Name: ____________ | Roll No.:__________

---

प्रश्न 1 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए। **1X4=4**

अहिंसा का अर्थ केवल इतना नहीं कि हम दूसरे प्राणियों पर दया करें। उन्हें न मारें और किसी को कष्ट न पहुँचाएँ। अहिंसा में मानवीय संवेदनाएँ, जीवन–मूल्य, आदर्श और सात्विक वृत्तियाँ आदि बहुत कुछ शामिल हैं। अहिंसा सदाचार और विचारों की शुद्धता एवं नैतिक सूत्रों का आधार है , सर्वधर्म –समभाव की आधारशिला है, समता, सामाजिक न्याय और मानव –प्रेम की प्रेरक शक्ति है। सच्ची अहिंसा वह है, जहाँ इंसान के बीच भेदभाव न हो, सारे अंतर हट जाएँ। असल में अहिंसक जीवन जीना बहुत कठिन है, बहुत बड़ी साधना है। महात्मा गांधी ने कहा है, "अहिंसा और सत्य का मार्ग जितना सीधा है, उतना तंग भी। यह तलवार की धार पर चलने के समान है।" भगवान महावीर ने दूसरों के दुख दूर करने को 'अहिंसा–धर्म' कहा है। उनका जीवन आत्म –साधना और समाजिक मूल्यों को प्रतिष्ठा दिलाने में व्यतीत हुआ। उनको महसूस हुआ कि आर्थिक असमानता और वस्तुओं का अनावश्यक व अनुचित संग्रह सामाजिक जीवन में असंतुलन पैदा करता है। ऐसी लोभ–वृत्तियों के कारण एक इंसान दूसरे इंसान का शोषण करता है। इसलिए उन्होंने अपरिग्रह पर ज़ोर दिया ताकि समाज में आर्थिक असमानता मिट सके।

क) अहिंसा आधार नहीं है। ?

अ सात्विक वृत्तियाँ और आदर्श जीवन का

स विचारों की शुद्धता एवं नैतिक सूत्रों का

ब प्राणियों पर दया और मानवीय व्यवहार का

द धार्मिक भेदभाव और आर्थिक असमानता का

ख)भगवान महावीर के अनुसार सामाजिक जीवन में असंतुलन का कारण था

अ अर्थ का पक्षतापूर्ण बँटवारा

स मानव को शोषण एवं प्रताड़न की चतुराई

ब मानव के द्वेष एवं ईर्ष्या की प्रवृति

द वस्तुओं का अनावश्यक व अनुचित संग्रह

ग) (**III**) कथन (**A**) और कारण (**R**) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

कथन (**A**) **:** असल में अहिंसक जीवन जीना बहुत कठिन है, बहुत बड़ी साधना है।

कारण (**R**) **:** यह तलवार की धार पर चलने के समान है।''

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ) भगवान महावीर ने 'अहिंसा–धर्म' किसे कहा है ?

प्रश्न 2 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **2X3=6**

क) सुदामा की दीनदशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई ?

ख) द्वारपाल ने श्री कृष्ण से क्या कहा ?

ग) 'पानी परात को हाथ छुयौ नहिं, नैनन के जल से पग धोए।' पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **2X3=6**

क) क्या साइकिल चलाना एक अच्छा व्यायाम है ,यदि हाँ तो इससे होने वाले लाभ लिखिए।

ख) बिलवासी जी अपने मित्र से अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे ?

ग) अकबरी लोटा पाठ में जहाँगीरी अंडे के विषय में क्या बताया गया है ?

4.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए– **1X4=4**

(क) पर्यावरण :संकेत बिंदु– 'पर्यावरण का अर्थ' 'इसका स्वरूप 'मानवीय हस्तक्षेप' 'इसका परिणाम' सुरक्षित रखने के उपाय

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य : संकेत बिंदु– 'अर्थ' 'लक्ष्य साधना अनिवार्य' 'इस हेतु प्रयास' 'निरंतर परिश्रम' 'मन में उमंग'

(ग) जीवन में खेलों का महत्त्व : संकेत बिंदु– ' खेल क्या होते हैं ' खेल के लाभ ' खेलों के प्रकार ' खेल से स्वास्थ्य को होने वाला लाभ

––00––